(ग) 'अकाल और उसके बाद' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'काला नंगा बच्चा पैदल' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

**5.** भारतेन्दु युगीन हिन्दी काव्य-धारा की मुख्य विशेषताओं (प्रवृत्तियों) पर प्रकाश डालिए । **7**

**अथवा**

प्रगतिवादी हिन्दी काव्यधारा की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए ।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई **दो** प्रश्न कीजिए : **4×2=8**

(i) द्विवेदी युग का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ii) छायावाद की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

(iii) आधुनिक हिन्दी साहित्य की किन्हीं **दो** परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

(iv) प्रयोगवाद की किन्हीं **चार** विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**7.** संक्षेपण किसे कहते हैं ? संक्षेपण की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **7**



**Roll No. .......................** **Exam Code : M-21**

# Subject Code—52197

## B. A. EXAMINATION

(Batch 2018 Onwards) (Main)

(Fifth Semester)

HINDI (COMPULSORY)

HINC-301 Paper-A

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **5×2=10**

(क) इन्हीं तृण-फूस-छापर से
ढँके ढुलमुल गँवार-
झोपड़ों में ही हमारा देश बसता है
इन्हीं के ढोल-मादल-बाँसुरी के
उमगते सुर में
हमारी साधना का रस बरसता है ।

(ख) एक कविता,

एक कदम्ब सी उपस्थित होओ ।

कविता जब प्रार्थना हो जाती है ।

कविता जब मनुष्य हो जाती है ।

तब वह

इस पृथिवी की

साधारण जन की रामायण हो जाती है ।

(ग) अब हम भाषा के लिए लड़ने के वक्त

यह देख लें कि हम उससे कितनी दूर जा पड़े हैं ।

जिनके लिए हम लड़ते हैं ।

उनको हमको भाषा की लड़ाई पास नहीं लाई

क्या कोई इसलिए कि वह झूठी लड़ाई थी ।

नहीं बल्कि इसलिए कि हम उनके शत्रु थे

क्योंकि हम मालिक की भाषा भी

उतनी ही अच्छी तरह बोल लेते हैं

जितना मालिक बोल लेता है ।

(घ) प्रश्न केवल मूर्ति का नहीं

यह मेरे घर का भी सवाल है



बताओ कि मैं कहाँ निवास करूँ ?

तुम किताबों से उठकर

बार-बार यहाँ क्यों चले आते हो

हमने तुम्हें कलेण्डरों पर दे दिया है ।

जाओ, जूते और घड़ियों के उपर रहो

आदमियों के उपर इस वक्त ख़तरा है ।

**2.** सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय का साहित्यिक परिचय दीजिए । **5**

**अथवा**

रघुवीर सहाय का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

**3.** 'रथ का टूटा पहिया' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि ने समाज को क्या संदेश दिया है ? **7**

**अथवा**

'रामदास' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

(क) 'वृक्ष-हत्या' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'हमारा देश' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(iv) छायावाद के **चार** मुख्य स्तम्भ कौन-कौन हैं ?

(v) भारतेन्दु युग के रचयिता का नाम बताइए एवं भारतेन्दु युग की कोई **दो** विशेषताएँ बताइये ।

(vi) संक्षेपण का क्या अर्थ है ?

(vii) 'पल्लवन' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(viii) पत्र कितने प्रकार के होते हैं ?

(ix) द्विवेदी युग का नामकरण किसके आधार पर किया गया है ?

(x) 'रथ का टूटा पहिया' के कवि का नाम बताइए ।



**अथवा**

पल्लवन का अर्थ बताते हुए उसकी प्रक्रिया के नियमों का उल्लेख कीजिए ।

**8.** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4=2=8**

(i) संक्षेपण के प्रकारों का परिचय दीजिए ।

(ii) पत्र लेखन क्या है ? इसके प्रकारों को बताइए ।

(iii) पत्र कितने प्रकार के होते हैं ? विभागीय पत्रों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(iv) एक अच्छे पत्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**9.** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **2×10=20**

(i) 'नाच' कविता के कवि का नाम बताइए । 'नाच' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(ii) अज्ञेय जी का पूरा नाम बताइए । अज्ञेय जी की कोई **दो** कविताओं के नाम बताइए जो हमारे पाठ्यक्रम में हैं ।

(iii) 'प्रेत का बयान' किसके द्वारा रचित है एवं इसमें प्रेत कौन है ?